प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA

वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email : helpdoc@rbi.org.in

संचार विभाग, केंद्रीय कार्यालय, शहीद भगत सिंह मार्ग, फोर्ट, मुंबई - 400 001
Department of Communication, Central Office, Shahid Bhagat Singh Marg, Fort, Mumbai - 400 001 फोन/Phone: 022 - 2266 0502

10 मार्च 2025

डिजिटल भुगतान जागरूकता सप्ताह 2025

भारतीय रिज़र्व बैंक के गवर्नर ने आज 5वें डिजिटल भुगतान जागरूकता सप्ताह (डीपीएडब्ल्यू) का उद्घाटन किया। डीपीएडब्ल्यू, डिजिटल भुगतान के प्रभाव और महत्व को उजागर करने तथा डिजिटल भुगतान उत्पादों के सुरक्षित उपयोग के बारे में जागरूकता उत्पन्न करने की एक पहल है। इस सप्ताह के दौरान, भारतीय रिज़र्व बैंक, भुगतान प्रणाली परिचालकों, बैंकों और अन्य हितधारकों के साथ मिलकर मल्टीमीडिया अभियान, जमीनी स्तर पर शैक्षिक कार्यक्रम और सोशल मीडिया आधारित लोक संपर्क सहित राष्ट्रव्यापी जागरूकता गतिविधियां आयोजित करता है।

2. डीपीएडब्ल्यू 10 से 16 मार्च 2025 तक मनाया जाएगा। 'हर पेमेंट डिजिटल' अभियान के अंतर्गत, वर्तमान वर्ष का विषय 'India Pays Digitally' है। यह विषय डिजिटल भुगतान की सर्वव्यापकता और सुविधा के साथ डिजिटल रूप से सशक्त नागरिक बनने की दिशा में भारत की परिवर्तनकारी यात्रा को दर्शाता है।

3. अपने संबोधन में गवर्नर ने डिजिटल भुगतान को बढ़ावा देने के लिए अब तक किए गए प्रयासों की सराहना की और कहा कि देश में डिजिटल भुगतान के विस्तार की अभी भी काफी संभावनाएं हैं। उन्होंने भुगतान उद्योग के सदस्यों, बैंकों, मीडिया और उपयोगकर्ताओं से डिजिटल भुगतान के उपयोग को प्रोत्साहित करने का आग्रह किया।

4. जागरूकता पहल के एक भाग के रूप में, भारतीय रिज़र्व बैंक सहर्ष दो प्रतियोगिताओं की घोषणा करता है, जो सार्वजनिक प्रतिभागिता के लिए खुली हैं:

1. हर पेमेंट डिजिटल लघु वीडियो प्रतियोगिता
2. हर पेमेंट डिजिटल कॉमिक स्ट्रिप प्रतियोगिता

5. इन प्रतियोगिताओं का उद्देश्य जागरूकता को बढ़ावा देते हुए रचनात्मक अभिव्यक्ति को प्रोत्साहित करना है। सर्वश्रेष्ठ प्रविष्टियों को आकर्षक पुरस्कार दिए जाएंगे। प्रतियोगिताओं के बारे में अधिक जानकारी के लिए कृपया लिंक देखें।

(पुनीत पंचोली)
मुख्य महाप्रबंधक

प्रेस प्रकाशनी: 2024-2025/2346